प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 22.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के गयाजी में 13 हजार करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का किया शुभारंभ।
2. झारखंड विधानसभा के पूरक मानसून सत्र के पहले दिन वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पेश किया 4296 करोड़ 62 लाख रुपये का अनुपूरक बजट, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शोक प्रकाश के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन और शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को दी श्रद्धांजलि।
3. नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने 130वें संविधान संशोधन विधेयक का विरोध करने पर विपक्षी दलों की आलोचना की, कहा भ्रष्ट नेताओं को हटाने के लिए जरूरी है विधेयक।
4. जामताड़ा में किसानों और महिला समूहों को अनुदानित दर पर कृषि उपकरण कराया गया उपलब्ध, मंत्री इरफान अंसारी ने सहयोग का दिलाया भरोसा।
5. मौसम विभाग ने राज्य में 24 अगस्त तक भारी बारिश का जारी किया अलर्ट, लो प्रेशर और मानसून ट्रफ की सक्रियता से वज्रपात और तेज हवाएं चलने की भी संभावना।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बिहार और पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। उन्होंने बिहार के गयाजी में उन्होंने लगभग 13 हजार करोड़ रूपए की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास किया।

प्रधानमंत्री मोदी आज शाम पश्चिम बंगाल के कोलकाता में नवनिर्मित खंडों पर मेट्रो ट्रेन सेवा का शुभारंभ करेंगे। साथ ही वे कोलकाता में पांच हजार दो सौ करोड़ रूपए मूल्य से अधिक की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे और उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित भी करेंगे।

****************

झारखंड विधानसभा के पूरक मानसून सत्र का आज पहला दिन है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए 4296 करोड़ 62 लाख रुपये का अनुपूरक बजट पेश किया।

विधानसभा अध्यक्ष ने घोषणा की कि कटौती प्रस्ताव पर आज दोपहर दो बजे तक विचार किया जाएगा।

शोक प्रकाश के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन और शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर संबोधन दिया।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शिबू सोरेन, शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन और पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन पर दुख व्यक्त किया।

****************

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कल दुमका में 130वें संविधान संशोधन विधेयक का विरोध करने पर विपक्षी दलों को आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह विधेयक भ्रष्ट और गंभीर मामलों में जेल जाने के बाद भी पद पर बने रहने वाले नेताओं को रोकने के लिए जरूरी है।

****************

देवघर जिले में सरकार द्वारा पेश किए गए ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025 का लोगों ने स्वागत किया और इसे सराहनीय कदम बताया। बरमसिया टाउनशिप की सोनी ने कहा कि केंद्र सरकार की पहल समाज हित में हैं।

****************

जामताड़ा जिले में किसानों को आधुनिक कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए सरकार की ओर से कई पहल की गई हैं। इसके तहत कृषि विभाग द्वारा छोटे किसानों को पंप सेट, महिला समूहों को

मिनी ट्रैक्टर व पावर ट्रेलर और बड़े किसानों को ट्रैक्टर अनुदानित दर पर उपलब्ध कराए गए। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने किसानों और महिलाओं को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

*****************

निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए दो पर्यवेक्षक नियुक्त किये हैं। पंचायती राज मंत्रालय में अपर सचिव सुशील कुमार लोहानी और वित्त मंत्रालय में अपर सचिव डॉक्टर आनंदन उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए पर्यवेक्षक होंगे।

*****************

मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान के तहत खूंटी जिले ने सण्डासोम गांव से 700 ग्राम अफीम के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और उसे मारंगहदा थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने जिले में 'जीरो टोलरेंस अभियान' के तहत अवैध मादक पदार्थों, हथियारों, जुआ और सट्टेबाजी पर रोक लगाए जाने की जानकारी दी।

*****************

गढ़वा जिले में वर्तमान खरीफ फसलों के लिये बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना चलायी जा रही है। इसके लिये किसानों के बीच जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

*****************

सेंसेक्स 516 अंक गिरकर 81 हजार 483 पर आ गया, जबकि निफ्टी 160 अंक की गिरावट के साथ 24 हजार 922 पर कारोबार कर रहा था।

*****************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 92 हजार पांच सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 20 हजार रुपये प्रति किलो है।

*****************

मौसम विभाग ने 24 अगस्त तक राज्य में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर और मानसून ट्रफ की सक्रियता के कारण धनबाद, बोकारो, जामताड़ा, गिरिडीह, देवघर, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज, कोडरमा और हजारीबाग जिलों में बारिश की संभावना बढ़ गई है।

***********